Rapid Fire करेंट अफेयर्स (25 June)

- 21 जून को तेलंगाना के **जयशंकर भूपालपल्ली ज़िले** के मेडिगड्डा में तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने दुनिया की सबसे बड़ी**कालेश्वरम मल्टी-स्टेज लिफ्ट सिंचाई परियोजना** का लोकार्पण किया। इस परियोजना के तहत **गोदावरी** नदी का पानी समुद्रतल से 100 मीटर लिफ्ट कर मेडिगड्डा बांध तक पहुँचाया जाएगा। यहाँ से पानी को 6 स्टेज तक लिफ्ट करके कोंडापोचम्मा सागर तक पहुँचाया जाएगा, जिसकी ऊँचाई 618 मीटर है। इस योजना से लगभग 45 लाख एकड़ ज़मीन पर दो फसलों के लिये सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इसके अलावा परियोजना **सेमिशन भागीरथ पेयजल आपूर्ति परियोजना** के तहत 40 TMC पानी मिलेगा। इससे हैदराबाद महानगर में पीने के पानी की सप्लाई में मदद मिलेगी तथा राज्य के उद्योगों को भी 16 TMC पानी मिलेगा। इस परियोजना में 139 Mw अधिकतम क्षमता वाले 19 पंपों का इस्तेमाल किया जाना है तथा 149 किलोमीटर लंबे दुनिया के सबसे बड़े टनल रूट का निर्माण किया जाना है। यह परियोजना BHEL और मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड मिलकर तैयार कर रहे हैं। इस परियोजना से जलविद्युत उत्पादन का लक्ष्य भी रखा गया है, जिसके लिये 141 TMC क्षमता वाले 16 जलाशयों का निर्माण किया जाना है।
- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने **मार्क एस्पर** को नया रक्षा सचिव (मंत्री) नियुक्त किया है। मार्क एस्पर पूर्व सैनिक हैं और पहले इराक युद्ध में हिस्सा ले चुके हैं। वह कैपिटल हिल के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और रक्षा उद्योग के लॉबिस्ट के तौर पर भी काम कर चुके हैं। मार्क एस्पर फिलहाल रक्षा विभाग के अस्थायी प्रमुख होंगे। गौरतलब है कि अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन DC (पूर्व में District of Colombia कहा जाता था) में संसद **कैपिटल हिल** पर ही स्थित है।
- चीन के कृषि उपमंत्री छ्यू दोंगयू को **संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन** (FAO) का नया महानिदेशक चुना गया है। इस एजेंसी की कमान सँभालने वाले वह किसी भी कम्युनिस्ट देश के पहले व्यक्ति हैं। FAO के रोम स्थित मुख्यालय में संस्था के 194 सदस्यों ने मिलकर ब्राज़ील के जोस ग्रासियानो डे'सिल्वा के उत्तराधिकारी के रूप में दोंगयू को चार साल के कार्यकाल के लिये चुना। उन्हें 108 वोट मिले, जबकि अमेरिकी समर्थक जॉर्जिया के डेविट किर्वालिडजे को मात्र 12 वोट मिले। आपको बता दें कि **FAO** में 11,500 से ज़्यादा कर्मचारी काम करते हैं और वह वर्ष 2030 तक दुनिया को भुखमरी से मुक्त कराने के लक्ष्य को लेकर संयुक्त राष्ट्र की अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रहा है।
- चीन ने एक **मानवरहित (ड्रोन) हेलीकॉप्टर** के सफल परीक्षण का दावा किया है। मानवरहित हेलीकॉप्टर AV 500 ने दक्षिणी चीन के हैनान प्रांत के समुद्री इलाके में पहली बार रात में किसी ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। इस परीक्षण के बाद चीन की सेना कई तरह के सैन्य ऑपरेशन्स के लिये सक्षम हो गई है। इस ड्रोन हेलीकॉप्टर से चीन अपनी सीमा की निगरानी करने के साथ-साथ दुश्मनों के ठिकानों को नष्ट करने के लिये हमले कर सकता है। इस हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल आतंकरोधी गतिविधियों, आग लगने की स्थिति में और अन्य आपदाओं से निपटने में भी किया जा सकता है। इसका निर्माण एविएशन इंडस्ट्री ऑफ चाइना ने किया है और परीक्षण के दौरान AV 500 ने तेज़ हवाओं और उच्च आर्द्रता जैसी समस्याओं का सामना किया। यह हेलीकॉप्टर 175 किलोग्राम तक का पेलोड ले जाने की क्षमता रखता है तथा लेज़र गाइडेड मिसाइल या मशीनगन लेकर 170 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से उड़ान भर सकता है।
- भारत की महिला हॉकी टीम ने हिरोशिमा हॉकी स्टेडियम में जापान को 3-1 से **हराकर FIH महिला सीरीज़ फाइनल्स प्रतियोगिता** जीत ली। इससे पहले इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में चिली को 4-2 से हराने के साथ ही भारत ने वर्ष 2020 में टोक्यो में आयोजित होने वाले ओलंपिक खेलों के लिये क्वॉलिफायर के अंतिम चरण के लिये क्वॉलिफाई कर लिया था। फिलहाल भारतीय महिला हॉकी टीम की कमान **रानी रामपाल** के हाथों में है।
- 23 जून को दुनियाभर में **अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस** का आयोजन किया जाता है। प्रथम आधुनिक ओलंपिक खेल 23 जून, 1894 को पेरिस में आयोजित हुए थे और इसी की याद में हर वर्ष 23 जून को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस मनाया जाता है। पहला अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस 23 जून, 1948 को मनाया गया था, तब सिर्फ नौ देश ही इसमें शामिल थे- ग्रेट ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, कनाडा, ग्रीस, पुर्तगाल, स्विट्ज़रलैंड, उरुग्वे और वेनुज़ुएला। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य खेलों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हर वर्ग, आयु के लोगों की भागीदारी को बढ़ावा देना है। भारत में इसका प्रमुख आयोजक **भारतीय ओलंपिक संघ** है तथा वैश्विक स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति की देखरेख में इस दिवस का आयोजन किया जाता है। इसका मुख्यालय स्विट्ज़रलैंड के लुसाने में है। फ्राँस के पियरे कुबर्तिन को आधुनिक ओलंपिक का जनमदाता माना जाता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-june-25